तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 11 जनवरी 2025

13 जिला अस्पताल में बाबू नशे में डॉक्टरों से की बदसलूकी



14 सुरेश रात्रे सहित 12 लोगों ने थामा भाजपा का दामन





।। बाबा ॐ श्री शिव ।।
नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का
राजिम नवापारा, रायपुर
सावधान सावधान
चाइना गोल्ड से सावधान
नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन
जापानी तकनीक से युक्त मशीन
सोने की शुद्धता एवं कैरेट की जांच
निःशुल्क सोने की शुद्धता जांच
चाइना गोल्ड से बचने का उपाय
नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना

मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर राजिम वासियों के लिए बड़ी सौगात आ गया है
megamart आपका अपना बाज़ार
SR MEGAMART
सब मिलेगा, सबको मिलेगा।
SR Megamart
GRAND OPENING 14th January 2025
आपके अपने शहर राजिम में।
अब सब कुछ एक ही छत के नीचे।
लाभ लें opening discount का
हर समान पर 10%-50% तक की छूट।
भक्ति माता चौक, राजिम लोचन पम्प शॉप के पास, गरियाबंद रोड, राजिम मो.: 93407 89101, 6268 927609

## खबर संक्षेप



### बस की ठोकर से आठ साल की बच्ची की मौत

**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर थाना के ग्राम अमेठी में यात्री बस की ठोकर से 8 वर्षिया बालिका की मौत हो गई। मौत की खबर मिलने पर फिंगेश्वर थाना प्रभारी तुरंत घटना स्थल पहुंचकर शव को चीरघर लाया और पीएम के पश्चात परिजनों के हवाले किया है। वहीं पर घटना के बाद बस चालक पथर्रा राजिम निवासी खोमलाल वर्मा बस क्रमांक-सीजी 04 जे सी 0692 सहित फिंगेश्वर पुलिस थाना पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। यात्री बस चांगल बस सर्विस के नाम से छुरा से राजिम चलती है। ड्राईवर खोमन वर्मा ने बताया कि फिंगेश्वर से छुरा जाते समय 3.10 बजे उक्त घटना घटित हुई है जिसमें बच्ची चलती बस में दौड़ते हुए घुस गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाने में बस को जब्त कर लिया गया है।

### टेनिस बॉल कनिसिघी प्रीमियम लीग स्पर्धा आज से

**रसेला।** समस्त ग्रामवासी एवं साहित्य क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में टेनिस बॉल कनिसिघी प्रीमियम लीग प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसका शुभारंभ 11 जनवरी से किया जाएगा। इस आयोजन के प्रथम पुरस्कार 15001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 10001 रूपए, तृतीय पुरस्कार 7001 रूपए और चतुर्थ पुरस्कार 5001 रूपए रखा गया है। इस प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक आकर्षक ईनाम भी है। इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी एक ही गांव का होना अनिवार्य है व सभी को आधार कार्ड साध लाना अनिवार्य है, चोट लगने पर खिलाड़ी स्वयं जिम्मेदार होंगे। अम्पायर का निर्णय सर्वमान्य होगा तथा विवाद की स्थिति में समिति द्वारा निर्णय लिया जावेगा। प्रवेश शुल्क का 50 प्रतिशत राशि जमा करने पर प्रवेश लिया व लाट निकाला जावेगा। इस प्रतियोगिता में सिर्फ 32 टीम को ही प्रवेश दिया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में साहित्य क्रिकेट क्लब कनसिघी के सभी सदस्यगण और समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

**धान खरीदी : जिले में अब तक 4 लाख 18 हजार 155 मेट्रिक टन धान की खरीदी**

# धान खरीदी के अंतिम दिवस तक उपार्जन केन्द्रों का करें भौतिक सत्यापन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान धान खरीदी केन्द्रों के भौतिक सत्यापन करने के निर्देश कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने अधिकारियों को दी। इस दौरान अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में धान के उचित रख-रखाव एवं व्यवस्थित खरीदी को सुचारू रखने के लिए विभागीय दिशा-निर्देश अनुसार प्रत्येक धान उपार्जन केन्द्र, राईस मिल, किराना दुकानों में धान का भण्डारण किया जा रहा है, तो उसका अनिवार्य रूप से सत्यापन करे। एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक एवं धान खरीदी केन्द्रों के लिए बनाये गये नोडल अधिकारी गठित टीम के साथ अनिवार्य रूप से जा कर सत्यापन करे। इसके अलावा उपार्जन केन्द्र में स्टेक एवं बोरे का भी मिलान करे। जिन किसानों ने अपने टोकन के माध्यम से उनके रकबे का धान बेच चुके है, ऐसे कृषकों से रकबा समर्पित करने का कार्य प्राथमिकता से करायें। धान खरीदी के अंतिम कार्य दिवसों पर प्रत्येक उपार्जन केन्द्र की सतत निगरानी करे। साथ ही डीओ, टीओ से धान उठाव एवं परिवहन की निगरानी रखे। संबंधित अधिकारियों को राईस मिलर्स द्वारा अब तक धान के कितना धान का उठाव किया गया है, उसकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।





फाइल फोटो

### गड़बड़ी रोकने अधिकारी कर रहे निगरानी

कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि उपार्जन केन्द्रों में धान बोरे का स्टेकिंग अनिवार्य रूप से कराए। अधिकारियों ने बताया कि जिले में 91 हजार 124 पंजीकृत किसान है। वर्तमान में जिले में अब तक 4 लाख 18 हजार 155 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। अब तक धान बिक्री करने वाले किसानों को 937 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। खाद्य अधिकारी सुधीर गुरु ने बताया कि धान खरीदी के अंतिम समय में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए शासन ने जिला स्तरीय अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों की सतत निगरानी का जिम्मा सौंपा है। ताकि किसी भी प्रकार की फर्जी धान खरीदी-बिक्री एवं बोगस प्रविष्टि, बोगस उठाव आदि से बचा जा सके। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# 22 किलो गांजा के साथ चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फिंगेश्वर पुलिस ने गांजा की तस्करी करते हुए 4 आरोपियों को धर दबोचा। आरोपियों के पास से 22 क्विंटल गांजा जब्त किया गया है जिसका बाजार मूल्य 2 लाख 20 हजार आंकी गई है। वहीं पर उनके पास से परिवहन करते हुए डिजायर कार एवं मोबाइल भी जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के निर्देश एवं मार्गदर्शन मे फिंगेश्वर थाना प्रभारी पवन वर्मा एवं स्टाप व क्राइम ब्रांच ▶▶| शेष पेज 12 पर

### भक्त माता राजिम जयंती समारोह आज

**राजिम।** समीपस्थ ग्राम परसदा में ग्रामीण साहू समाज परसदा के तत्वाधान में भक्त माता राजिम जयंती समारोह का आयोजन 11 जनवरी को रखा गया है। पार प्रमुख पूरन लाल साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्र कुमार साहू विधायक अभनपुर विधानसभा क्षेत्र एवं अध्यक्षता पूर्व विधायक धर्मेंद्र साहू जी करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रशेखर साहू पूर्व विधायक, देवनाथ साहू अध्यक्ष रायपुर जिला ग्रामीण, ब्रह्मानंद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, रतिराम साहू संरक्षक तहसील साहू संघ,परदेशी राम साहू कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ,खोरबाहरा राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण, प्रेमीन साहू सदस्य जनपद पंचायत अभनपुर, महेश्वरी तिलक राम साहू ग्राम सरपंच ग्राम पंचायत परसदा, गोपाल साहू अध्यक्ष सहकारी समिति सुंदरकेरा सोसायटी होंगे इस अवसर पर 11:00 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जावेगी. वहीं दोपहर 3:00 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम होगा. रात्रि 9:00 बजे संगी जहूंरिया नाचा पार्टी बिलाई डबरी जिला बलौदा बाजारका कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष रामकुमार हिरवानी, उपाध्यक्ष राजेश साहू, सचिव नरेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष हेमंत साहू, अंकेक्षक गोपाल साहू, संरक्षक द्वारिका साहू, तिलक राम साहू, युवा प्रकोष्ठ वेदप्रकाश साहू, भुनेश्वर साहू महिला प्रकोष्ठ उमेश्वरी साहू, समाज सेवक सीताराम साहू सहित साहू समाज के स्वजातीय बंधु सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

# अवैध कब्जा को जेसीबी से हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर से 5 किलो मीटर दूर ग्राम जिड़ार में तहसीलदार गेंदलाल साहू की उपस्थिति में शासकीय भूमि खसरा नं. 569 का भाग रकबा 0.40 हे. में तुलाराम द्वारा तार घेरा कर अवैध कब्जा किया गया था जिसे आज तहसीलदार गेंदलाल साहू मैनपुर हल्का पटवारी कोटवार एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में हटाया गया।

### विधायक इंद्रकुमार आज सुंदरकेरा में



**नवापारा-राजिम।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम वर्षगांठ पर सुंदरकेरा में विभिन्न कार्यक्रम आज 11 जनवरी को विधायक इंद्रकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में होगा। हिंदुवादी नेता नत्थूराम साहू ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवीण बजाज करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य प्रतिभा सोनवानी, जामगांव पी के सरपंच रेखा सिन्हा मौजूद रहेंगी। नत्थूराम साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम राधेकृष्ण सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से रखा गया है। सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ी रामायण के रचयिता प्रहलाद वैष्णव का प्रवचन एवं भजन होगा। दोपहर 1 बजे जय बजरंग मानस मंडली का रामायण पाठ एवं रात्रि कार्यक्रम सोरिदखुर्द के जय मां रमई जस झांकी का शानदार प्रस्तुत होगा।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

# दुखमत बाई का पक्का मकान का सपना हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

■ 435 आवास में 424 आवास पूर्ण

नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 435 हितग्राहियों को आवास योजना के तहत आवास प्रदान किया गया था जिसमें से 424 लोगों का आवास पूर्ण हो गया है एवं शेष पूर्णता की ओर है। नगर पंचायत के अधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आवास विहीन पात्रता के अनुसार उन्हें आवास प्रदान किया गया है जो पूर्णता की ओर है, ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड क्रमांक 07 निवासी दुखमत बाई को आवास की स्वीकृत हुई। इस योजना के तहत चार किश्तों में 2 लाख 29 हजार रुपए मिलते हैं।हितग्राही दुखमत बाई ने बताया कि बारिश के दिनों में वो पानी टपकने की वजह से बहुत परेशान रहती थी लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत मिले पक्का मकान बनने के बाद उन्हें बारिश के पानी से आजादी मिली एवं हर साल के खप्पर बदलने का भी पैसा बचा, इसी तरह वार्ड क्रमांक 06 निवासी भानुप्रताप चक्रधारी ने कहा कि मैने सोचा नहीं था कि मैं अपने दम पर कभी पक्का मकान बना पाऊंगा, लेकिन धन्यवाद है प्रधानमंत्री मोदी जी का जिसने इस योजना को लागू कर मुझे मेरे पक्का आवास के अपने को साकार किया।

### गरीबी स्थिति में आवास बनाना संभव नहीं था



वार्ड क्रमांक 09 निवासी कादर जान मोहम्मद ने बताया कि गरीबी स्थिति में आवास बनाना संभव नहीं था लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के कारण मुझे भी मेरा पक्का मकान मिला इस के लिए मैं प्रधान मंत्री जी का हमेशा ऋणी रहूंगा, वार्ड क्रमांक 07 निवासी रामदुलारी पांडेय ने बताया कि इस महंगाई के जमाने में हम पक्का मकान बनाने की सोचने की बात तो दूर सपने में भी नहीं सोचा था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की इस योजना से मेरा पूरा परिवार खुश है। नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह मरकाम ने बताया कि अब तक कुल 435 आवास स्वीकृत हुए जिसमें 424 पूर्ण हैं तथा 11 आवास प्रगतिरत हैं।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

अधिकृत विक्रेता :
श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स
कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107
V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप
ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप

## खबर संक्षेप

### मैनपुर में कन्या हायर सेकंडरी स्कूल प्रारंभ किया जाए : प्रियंका कपिल



**मैनपुर।** ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल ने मैनपुर तहसील मुख्यालय में हायर सेकण्डरी स्कूल खोलने की मांग किया है। श्रीमती कपिल ने कहा की 2008 में मैनपुर नगर में कन्या हाई स्कूल प्रारंभ किया गया है और तीन साल के बाद हायर सेकेण्डरी स्कूल उन्नयन करना था जिसके लिए कई बार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नगरवासियों द्वारा मांग किया जा चूका है। वर्तमान में कन्या हाई स्कूल मैनपुर में 300 छात्राएं अध्ययनरत है लेकिन कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल नहीं होने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए कन्या हाई स्कूल को आगामी शिक्षा सत्र में हायर सेकण्डरी स्कूल के रूप में उन्नयन कर यहां पढ़ाई करने वाले छात्रओं को सुविधा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होने ओढ़, आमामोरा पहाड़ी के ऊपर बसे ग्राम में कन्या आश्रम खोलने की मांग किया है। उन्होने बताया कि पहाड़ी के ऊपर बसे एक दर्जन से ज्यादा गांव में कन्या आश्रम नहीं होने के कारण आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी कमार भुंजिया जनजाति की छात्राएं कक्षा आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने मजबूर हो जाते हैं इसलिए ओढ़, आमामोरा में कन्या आश्रम खोला जाना बेहद जरूरी है।

### निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस के मनोज कंदोई बने पर्यवेक्षक



**गरियाबंद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में रायपुर के पूर्व महापौर प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज कंदोई को गरियाबंद नगर पालिका का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इस फैसले के बाद अब अध्यक्ष और पार्षद के प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया पर्यवेक्षक की देखरेख में पूरी की जाएगी। प्रदेश में नगरीय निकायों के लिए आरक्षण प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है, और जल्द ही चुनाव की तारीखों का ऐलान होने की संभावना है। राजनीतिक दलों ने चुनावी तैयारियों को गति देना शुरू कर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने हाल ही में सभी नगर निगम और पालिका परिषदों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की घोषणा की थी। आज जारी सूची में गरियाबंद नगर पालिका के लिए मनोज कंदोई को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस के इस कदम को चुनाव में मजबूत रणनीति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं, बीजेपी भी अपने स्तर पर तैयारियों में जुटी हुई है। आने वाले दिनों में चुनावी हलचल और तेज होने की उम्मीद है।

### बिनौरी में सीसी रोड निर्माण का किया गया भूमिपूजन



**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत बिनौरी के राजिम विधायक रोहित साहू मद से वार्ड क्रमांक 7 में 3 लाख रुपए से बनने वाले गली कांक्रीटीकरण का भूमि पूजन गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि उपसरपंच गीता सुरेश साहू, बेदन बाई, वार्ड पंच देवती बाई, पंच शीतल कुमार साहू, पूर्व पंच कोमल साहू, कंप्यूटर आपरेटर सहित वार्ड वासी उपस्थित थे। वार्ड में कांक्रीटीकरण सड़क की सौगात मिली है। क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू का आभार जताया। कहा की अब सुविधायुक्त सुगम रास्ता में चलने का मौका मिलेगा।

# मोवा ओवरब्रिज में घटिया डामरीकरण की खुली पोल, 24 घंटे में ही उखड़ने लगी रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

राजधानी रायपुर के मोवा ओवरब्रिज पर डामरीकरण का काम किस गुणवत्ता के साथ हुआ है, इसका खुलासा गुरुवार को इस ब्रिज पर गाड़ियों के आवागमन शुरू होते ही दिखाई देने लगा। रोड पर गाड़ियों के गुजरते ही डामर के साथ गिट्टी भी उखड़ने लगी है, जिसके कारण यहां डस्ट भी उड़ने लगा है, जिससे लोग भी परेशान होते रहे। ब्रिज पर डामरीकरण का काम मंगलवार को शुरू किया गया था, जो बुधवार को देर शाम खत्म हुआ था। इस तरह डामरीकरण के काम को पूरा हुए 24 घंटे भी नहीं बीते थे और यह रोड उखड़ना शुरू हो गई है। इस घटिया निर्माण ने एजेंसी की भी पोल खोल दी है, जिसे इसका टेंडर मिला हुआ है। बारिश के कारण मोवा ओवरब्रिज की सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई थी। कई जगह गड्ढे भी हो गए थे। इस सड़क को फिर से नया करने के लिए डामरीकरण कराने का काम पिछले कुछ दिनों से चल रहा था। इसके लिए एजेंसी को ठेका दिया गया है। एजेंसी ने ब्रिज पर डामरीकरण का काम करने के लिए कुछ दिनों तक मार्ग को बंद भी किया था, जिसके कारण वाहन सवार लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। डामरीकरण होने के बाद भी इस मार्ग को खोल दिया गया, पर इसके खुलने पर भी गाड़ियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि डामरीकरण के बाद भी रोड उखड़ने लगी है।

## ब्रिज पर डामरीकरण का काम करने के लिए कुछ दिनों तक मार्ग को किया था बंद

### बोरी भर-भर के निकल रही गिट्टी

ब्रिज पर आवागमन शुरू होने के बाद जब रोड उखड़ने लगी, तो इसकी जानकारी एजेंसी को मिली। एजेंसी ने इसके बाद आनन-फानन में रोड की सफाई कराने के लिए यहां उखड़ी गिट्टी व डस्ट को कर्मचारियों की मदद से झाड़ लगाकर और मशीन के माध्यम से पहले एक किनारे किया। इसके बाद रापा के जरिए गिट्टी और डस्ट को बोरियों में भरकर दूसरी जगह पर डंप कराया। इस तरह कई बोरी भरकर गिट्टी व डस्ट को यहां से हटाया गया।



### गिट्टी ज्यादा, डामर कम फिर भी बना दी सड़क

सूत्रों के अनुसार जिस एजेंसी द्वारा ब्रिज पर डामरीकरण का काम किया गया है, उसके पास पर्याप्त मात्रा में डामर नहीं था। इसके बाद भी एजेंसी ने कम डामर में ही यहां डामरीकरण का काम करा दिया है। यही कारण है कि गाड़ियों का आवागमन शुरू होते ही सड़क उखड़ने लगी है।

## अतिक्रमण पर प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी

# शासकीय भूमि पर कहीं बनाए जा रहे थे मकान, तो कहीं बन चुके थे वॉश व लेबर रूम, सभी तोड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रशासन इन दिनों शासकीय एवं निजी जमीनों पर किए गए अतिक्रमण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है। यह कार्रवाई शहरी क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भी की जा रही है।

राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को ग्राम टेमरी में कार्रवाई करते हुए शासकीय जमीन को कब्जा से मुक्त कराया। करीब एक एकड़ जमीन पर दो लोग मिलकर चार मकानों का निर्माण करा रहे थे। सभी मकानों के करीब आधा निर्माण हो चुके थे। टीम ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर इन मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की।



### नोटिस के बाद भी कब्जा किए हुए थे जमीन पर

*रायपुर तहसीलदार पवन कोसमा ने बताया कि तहसील कार्यालय में ग्राम टेमरी स्थित एक एकड़ शासकीय जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से मकानों का निर्माण कराए जाने की शिकायत मिली थी। इस शिकायत के आधार पर संबंधित भूमि को लेकर जब पटवारी के माध्यम से जांच कराई गई, तो पता चला कि जिस जमीन पर मकानों के निर्माण कार्य चल रहे हैं, वह जमीन शासकीय है। जांच में यह भी पता चला कि शासकीय जमीन पर गांव के रहने वाले सीताराम ध्रुव और अविनाश धृतलहरे नामक व्यक्ति द्वारा मकानों के निर्माण कराए जा रहे हैं। तहसीलदार ने इस मामले में दोनों कब्जाधारियों को मकान तोड़कर जमीन को खाली कराने के लिए नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के बाद भी दोनों ने मकानों को तोड़कर जमीन को खाली नहीं किया। इसे देखते हुए तहसील न्यायालय से बेजा कब्जा को तोड़ने का आदेश जारी किया। इस आदेश के तहत संयुक्त टीम ने अवैध मकानों को तोड़कर शासकीय जमीन को खाली कराया।*

### जारी रहेगा अभियान

रायपुर सहित जिले में कहीं भी शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण किया गया है, उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण पर रोक लगाने एवं हटाने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं।

\- डा. गौरव सिंह, कलेक्टर रायपुर

### शंकरनगर में अवैध निर्माण हटाया गए, जुर्माना वसूली के आदेश

कब्जाधारियों ने शंकरनगर इलाके में जोन कार्यालय के गार्डन के नाले पर ही अवैध रूप से वाश रूम और लेबर रूम बना लिए थे। सूत्रों के अनुसार यह काम क्षेत्र के किसी व्यक्ति ने किसी कथित नेता के संरक्षण में बनाया था। इसकी शिकायत मिलने पर जोन की टीम ने तोड़कर हटाने की कार्रवाई की। इस मामले में निगम अधिकारियों ने अवैध निर्माण कराने वाले पर जुर्माना लगाने के भी निर्देश दिए हैं।

### बैजनाथपारा-जीई मार्ग पर भी चला बुलडोजर

शहर के बैजनाथपारा में भी निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए कब्जों से मुख्य मार्गों को मुक्त कराया। टीम ने शास्त्री बाजार मुख्य मार्ग, बैजनाथपारा अखाड़ा गली में अतिक्रमण एंगल व ठेले हटाकर जब्ती बनाया। इसी प्रकार साइंस कालेज के सामने जीई मार्ग पर अभियान चलाकर कई ठेले-गुमटियों को जब्ती बनाने की कार्रवाई की। शंकर नगर टीवी टावर से शंकरनगर चौक मुख्य मार्ग पर भी ठेला -गुमटियों को हटाकर कर जब्ती बनाया गया।

### ग्राम कुरा में हटाए गए अतिक्रमण

राजस्व और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने धरसींवा तहसील अंतर्गत कुरा नगर पंचायत में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इसके साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र के सामने भी अतिक्रमण किया गया था, जिसे हटाया गया।

# सरगुजा संभाग में शीतलहर रायपुर में पारा 12 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बदली-बारिश छंटते ही तापमान में कमी आ गई है। इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर दिख रहा है। मौसम में बार-बार हो रहे परिवर्तन लोगों को बीमार कर रहे हैं। रात में कड़ाके की ठंड का सामना कर रहे लोगों को कुछ दिनों के अंतराल में राहत मिल सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक बार फिर से मौसम में बदलाव होगा। इसके पूर्व गुरुवार को प्रदेश के कुछ स्थानों में शीतलहर की स्थिति रही। सरगुजा संभाग में शीतलहर चल रही है। बलरामपुर में पारा 3.7 डिग्री तक पहुंच गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिमी ईरान के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र गुजरात और उससे लगे राजस्थान के ऊपर बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से हवा की दिशा में और अधिक परिवर्तन होने की संभावना है, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में 10 जनवरी को मामूली वृद्धि संभावित है। अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में करीब चार डिग्री वृद्धि होने की

## अधिकारी-कर्मचारी छुट्टी के दिनों में भी बिना अनुमति नहीं छोड़ सकेंगे मुख्यालय

**गरियाबंद।** राज्य शासन द्वारा सुशासन की अवधारणा को जमीनी स्तर पर लागू करने विभिन्न नीतिगत कार्यों पर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके माध्यम से आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासन द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को भी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिये गये है। साथ ही बिना उच्च अधिकारियों के अनुमति से छुट्टी पर नहीं जाने के भी निर्देश दिये गये है। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को अवकाश के दिनों में भी बिना अनुमति के संबंधित मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा है कि अधिकारी-कर्मचारी शनिवार, रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में अपने अधिकारियों से विधिवत अनुमति लेकर ही मुख्यालय छोड़ सकेंगे। उन्होंने जिला अधिकारियों को इस निर्देश का अपने अधीनस्थ अमलों को कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये है। निर्देश के पालन नहीं किये जाने एवं नियमों का उल्लंघन करने पर विधिवत कार्यवाही भी प्रस्तावित की जायेगी।

# बगैर मान्यता कराया कोर्स, पैरामेडिकल काउंसिल का रजिस्ट्रेशन से इनकार, भड़के छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बड़ी संख्या में छात्रों ने गुरुवार को रावतपुरा विवि का घेराव किया। इन छात्रों का आरोप है कि विवि द्वारा बगैर मान्यता फर्जी कोर्स का संचालन किया जा रहा है। एनएसयूआई के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ, जिसमें विवि में अध्ययनरत छात्र भी हिस्सा बने। छात्रों का आरोप है कि विवि द्वारा छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से रजिट्रेशन नहीं कराया गया है। इसके अभाव में पढ़ाई पूरी करके मेहनत से डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों की उपाधियां भी अमान्य हो जा रही है।



प्रवेश के वक्त छात्रों को इस बात की जानकारी विवि प्रबंधन द्वारा नहीं दी गई थी कि उन्होंने छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से रजिट्रेशन नहीं करवाया है। पढ़ाई पूरी करने के बाद भी वे बेरोजगार घूम रहे हैं। उनके पैसे और समय दोनों ही विवि की लापरवाही के चलते बर्बाद हुए हैं।

## पथ विक्रेताओं को 7 प्रतिशत ब्याज में दिया जा रहा सब्सिडी

**गरियाबंद।** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत गरियाबंद जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में सड़क किनारे ठेला, रेहड़ी लगाकर व्यवसाय कर जीवन यापन करने वाले पथ विक्रेताओं को प्रथम किश्त में 10 हजार रूपये द्वितीय किश्त में 20 हजार रूपये एवं तृतीय किश्त में 50 हजार रूपये तक का ऋण, 7 प्रतिशत ब्याज में सब्सिडी के साथ दिया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत जिले में अब तक प्रथम किश्त में 704 हितग्राहियों को 70 लाख 40 हजार रूपये, द्वितीय किश्त में 126 हितग्राहियों को 25 लाख 20 हजार रूपये एवं तृतीय किश्त में 36 हितग्राहियों को 18 लाख रूपये का लाभ प्राप्त कर अपने व्यवसाय एवं जीवनस्तर को बेहतर बना रहे है एवं आम नागरिकों को सुलभ सेवाएं प्रदान कर रहें हैं, साथ ही डिजीटल लेन-देन को अपनाकर भुगतान प्रणाली को आसान करने में अपना योगदान दे रहें है।

# कांग्रेसी नेता आयशा ने आशीष के साथ मिलकर रिश्तेदार की करोड़ों की जमीन हड़पने रची साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फर्जी वसीयतनामा तैयार कर 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति हड़पने के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेसी नेता आयशा सिद्दीकी तथा पूर्व में तेलीबांधा में ठगी का नामजद आरोपी पूर्व युवा कांग्रेसी नेता आशीष सिंदे उर्फ चोरहा फरार हैं। आयशा सिद्दीकी तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ धमतरी निवासी बुशरा शरीफ ने पंडरी थाना में फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने की शिकायत दर्ज कराई है।

बुशरा शरीफ ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि आयशा रिश्ते में उनकी भतीजी लगती है। पति की मौत के बाद आयशा, आशीष, नूर बेगम, दादुन शाह उर्फ नरेंद्र कोटाले ने उनके पति के नाम की जमीन हड़पने उसे अपने झांसे में लेने के लिए कई बार संपर्क किया। झांसे में लेने से असफल होने पर आशीष तथा आयशा पर बुशरा ने धमकाने का आरोप लगाया है। बुशरा ने आरोप लगाया है कि आयशा तथा आशीष ने अपने राजनीतिक रसूख के कारण जमीन हथियाने उनका उनके पति के साथ का फर्जी तलाकनामा, हिबानामा तैयार कराकर जमीन अपने नाम स्थानांतरण कराया।



### पीड़िता के खिलाफ झूठी रिपोर्ट

बुशरा के मुताबिक जमीन हड़पने आयशा तथा आशीष ने पूर्व में उनके खिलाफ जमीन फर्जीवाड़ा करने थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद बुशरा ने सरकारी कार्यालय से दस्तावेज हासिल कर पुलिस के सामने पेश किया। दस्तावेजों की पड़ताल करने के बाद पुलिस ने आयशा, आशीष तथा दो अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 और 120बी के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पूछताछ में पता चलेगा और कौन लोग शामिल

फर्जी वसीयत तथा हिबानामा तैयार करने तथा अन्य फर्जी दस्तावेज तैयार करने किन लोगों की मदद ली गई, पुलिस इस संबंध में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद जानकारी मिलने की बात कह रही है। पुलिस को आशंका है कि करोड़ों की जमीन घोटाला मामले में आयशा, आशीष ने और कई लोगों की मदद ली होगी। पुलिस के अनुसार फर्जीवाड़ा में जिन लोगों के नाम सामने आएंगे, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### आशीष के खिलाफ तेलीबांधा में शिकायत

स्मार्ट सिटी का काम दिलाने का झांसा देकर दिल्ली के कारोबारी से 15 करोड़ की ठगी करने के मामले में तेलीबांधा थाने में बिलासपुर निवासी केके श्रीवास्तव के साथ आशीष के खिलाफ अपराध दर्ज है। आशीष तथा केके के खिलाफ पुलिस ने पिछले वर्ष अगस्त में अपराध दर्ज किया है। बताया जा रहा है, आशीष पूर्व में सरकारी नौकरी करता था। वर्तमान में उसके पास करोड़ रुपए की बेनामी संपत्ति होने की बात कही जा रही है।

### टीम भेज आरोपियों की गिरफ्तारी

एएसपी सिटी लखन पटले ने बताया कि बुशरा शरीफ द्वारा उनके पति के नाम की जमीन फर्जीवाड़ा कर अपने नाम कराए जाने के आरोपी आयशा, आशीष, दादुन शाह, नूर बेगम फरार हो गए हैं। फरार आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस अफसर ने पंडरी थाना के टीआई को निर्देशित किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अफसर ने टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं।

# वन विभाग ने किया मृत मिले तेंदुए का अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोंगरा के निकट मुख्य मार्ग पर 9 जनवरी, रात 9.30 बजे एक तेंदुआ मृत पाया गया, जो प्रथम दृष्टया किसी वाहन के टक्कर से सिर में चोट लगने के कारण घायल होकर मृत होने की संभावना पाया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी छुरा के हमराह एवं वन प्रबंधन समिति मोंगरा के अध्यक्ष रामचंद नायक की उपस्थिति में मौका पंचनामा लिया गया एवं मृत तेन्दुआ के शव को विभागीय अभिरक्षण में लेकर वन अपराध प्रकरण जारी कर पंजीबद्ध किया गया। 10 जनवरी को वनमंडलाधिकारी गरियाबंद की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में तीन पशु चिकित्सक डॉ. एसके चंद्राकर, पशु चिकित्सक डॉ. पीके.शर्मा, पशु चिकित्सक डॉ. दिनेश्वरी मारकण्डेय के दल द्वारा शव विच्छेदन कर परीक्षण उपरांत विधिवत शव का दाह संस्कार किया गया। उक्त कार्यवाही के दरमियान सतीश सिन्हा वनपाल परिक्षेत्र सहायक चरौदा, देवराम साहू वनरक्षक परिसर रक्षक मोंगरा, ईशु जोशी वन रक्षक परिसर रक्षक चरौदा, तुलसी ध्रुव वनरक्षक परिसर रक्षक छुरा, वन प्रबंधन समिति मोंगरा अध्यक्ष रामचंद नायक, मोहन निर्मलकर सुरक्षा श्रमिक, संजू साहू सुरक्षा श्रमिक, महेन्द्र (मोची) सभी उपस्थित रहे।

## यशवंत साहू सम्मानित ...



**राजिम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ एवं राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा आयोजित 7 जनवरी भक्त माता राजिम जयंती समारोह में समाज सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सहायक शिक्षक यशवंत साहू को राजिम भक्तिन माता रत्न से समाज की ओर से प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, कार्यक्रम के प्रभारी भुनेश्वर साहू, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने मुख्य मंच में प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया। सहायक शिक्षक यशवंत साहू ने प्रदेश साहू संघ के प्रति आभार जताया है।

## बिजनेस साइट

### ग्रामीण बैंक की 617 शाखा का गोबरा नवापारा में हुआ शुभारंभ




**रायपुर।** शाखा गोबरा नवापारा में 7 जनवरी को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक 617 वीं शाखा का शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार अरोरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकगण राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, व्यवसायी पंकज जैन उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक राज्य का सर्वाधिक शाखाओं वाली बैंक है। जिसकी शाखाएं उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम राज्य के हर क्षेत्र में स्थित है। बैंक द्वारा राज्य के प्रत्येक चौथे नागरिक को बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जा रही है। हमारा बैंक में सभी आधुनिक बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है। उनके द्वारा नवापारा के निवासियों को अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधा के साथ उत्तम ग्राहक सेवा प्रदाय करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर अध्यक्ष महोदय एवं क्षेत्रीय प्रमुख सुरेश कुमार सिंह राजपूत द्वारा उपस्थित ग्राहकों से बैंक में उपलब्ध बैंकिंग सुविधा एवं योजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। शाखा प्रबंधक शाश्वत सिंह एवं वरिष्ठ प्रबंधक श्री संजय गोयल ने ग्राहकों का स्वागत किया।

## पेज 11 के शेष...

### 22 किलो गांजा...

गरियाबंद के सहयोग से 9 जनवरी की संध्या ग्राम सोरिद में जोगी डबरी मेनरोड के पास छुरा से आती हुई एक डिजायर कार को रोका गया। कार रोकने पर उसमे चार युवक गांजा के साथ पाए गए।चारो युवक को कार सहित फिंगेश्वर पुलिस थाना लाया गया। पूछताछ के बाद उनके नाम पता लिया गया वहीं 4 बोरी में जब्त गांजा का भौतिक सत्यापन किया गया तो वह 22 किलो निकला। चारो आरोपी में क्रमश संतोष सुना ओडिशा बिशेसर सिंग ओडिशा, पलास पाटिल नागपुर, अनिकेत शिंदे नागपुर महाराष्ट्र प्रांत के रहने वाले निकले। चारो आरोपियों को नारकोटिक्स एक्ट 20 (ख)।। के तहत जेल भेजा गया।

# निकाय चुनाव : पार्षद की जमानत एक से पांच हजार, अध्यक्ष और मेयर के लिए 15 से 20 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव लड़ने वाले सभी स्तर के प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करने के समय जमानत की राशि अदा करनी पड़ेगी। जब तक जमानत की राशि जमा न हो तब तक कोई भी प्रत्याशी नहीं बन सकेगा। इन चुनाव के लिए नगर पंचायत, पालिका और निगम के पार्षद के लिए एक से पांच हजार और अध्यक्ष पद के लिए 10 से 15 हजार रुपए की जमानत लगेगी। निगमों में मेयर पद के प्रत्याशी को जमानत के रूप में 20 हजार रुपए देने होंगे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी(स्थानीय निर्वाचन) को इस संबंध आदेश जारी किया है। पार्षद पद का चुनाव लड़ने वालों को नगर पंचायत के लिए 1000 रुपए, पालिका के लिए 3000 रुपए और नगर निगम के लिए 5000 रुपए अदा करने होंगे। इसी तरह नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 10 हजार रुपए, नगर पालिका अध्यक्ष के लिए 15 हजार रुपए और निगमों के मेयर पद के प्रत्याशी के लिए 20 हजार रुपए अदा करने होंगे।

## नामांकन से पहले नकद या चालान में राशि देनी होगी

### इनकी जमानत राशि होगी आधी

आयोग ने जमानत राशि जमा करने के संबंध में यह प्रावधान भी रखा है कि कोई महिला अभ्यर्थी, एससी, या एसटी या अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों के लिए सामान्य प्रत्याशियों के मुकाबले आधी जमानत राशि देनी होगी। अगर किसी प्रत्याशी ने एक स्थान से एक से अधिक नामांकन दाखिल किया हो तो उसे एक से अधिक बार जमानत राशि नहीं देनी होगी। यह राशि रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के पास नगद जमा कराई जा सकती है, या उसके पहले किसी भी शासकीय कोषालय में चालान के माध्यम से यह राशि अदा की जा सकती है। इस राशि की रसीद नामांकन पत्र के साथ लगानी होगी।




कोई भी व्यक्ति अगर अगर चुनाव की मतदाता सूची देखना चाहता है तो उसके लिए दो रुपए फीस अदा करनी होगी। इसी तरह मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी सीडी में लेने के लिए वार्ड या ग्राम पंचायत शुल्क 100 रुपए रखा गया है।

### 15 को होगा मतदाता सूची का प्रकाशन

नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन में निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्यक्रम में पिछले दिनों एक संशोधन किया गया था। जिससे लोगों को मतदाता बनने का एक और अवसर प्राप्त हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार 6 जनवरी तक दावा,आपत्ति के आवेदन मंगाए गए थे। जिसमें राज्य के सभी जिलों के नगरीय निकायों से परिवर्धन, संशोधन और विलोपन के कुल 34 हजार 251 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए परिवर्धन के 1 लाख 56 हजार 333, संशोधन के 1,413 तथा विलोपन के 4,083 आवेदन प्राप्त हुए। नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को होगा।

## खबर संक्षेप



### प्रियंका को मिली डॉक्टर की उपाधि


**नवापारा-राजिम।** चंपारण हायर सेकंडरी स्कूल में व्याख्याता के रुप में पदस्थ प्रियंका शर्मा को उनके शोध कार्य, विनोद शुक्ल के काव्य में संवेदना एवं शिल्प के विविध पक्ष विषय पर आईएसबीएम यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टर की उपाधि प्रदान की गई। मालूम हो कि डॉ. प्रियंका शर्मा मंत्रालय के वित्त विभाग के सेक्शन ऑफिसर आशीष शर्मा की धर्मपत्नी है। उनकी इस उपलब्धि पर फेकूराम शर्मा विशाखा शर्मा, अश्वनी दीवान, भारती दीवान, अजय कुशाली दीवान, मनोज खुशबू मिश्रा व आशुतोष सुमन शर्मा सहित उनके शुभचिंतको मित्रों ने बधाई दी है।

### अंजू ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**छुईहा बेलर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरभट्ठी के शिक्षका अंजू नंदकुमार गोयल द्वारा अपने माता स्वर्गीय मंगनीन देवी के पुण्य स्मृति में शाला के बच्चों को शुक्रवार को न्योता भोज कराया। जिसमें शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष गंगा बाई साहू, लकेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष मैना साहू, संतोषी साहू, भारत लाल साहू, मिना साहू, गोमती साहू, ललिता निषाद, ऊषा साहू, कौशल्या यादव , त्रिवेणी शंकर साहू, शिक्षक ग़ैंदू पटेल, हेमंत यदु, गणेश राम ध्रुव, शिवराज साहू, टुकेश्वर ध्रुव उपस्थित थे।

### रखिया बड़ी बनाने का कार्य जारी



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ के खान पान परम्परा में रखिया बड़ी का विशेष स्थान है। सफेद कदु से बनने वाली यह बड़ी को ठंड के मौसम में तैयार किया जाता है। क्योंकि बरसात में लगाये गए फसल रखिया दिसम्बर में पक्क कर तैयार हो जाता हैं जिसे बड़ी बनाने का उपयोग में लाया जाता है। छत्तीसगढ़ रसोई का खास हिस्सा सेहत का खजाना रखिया बड़ी को माना जाता है। उड़द की दाल के मिश्रण से इसे पिसाई कर धुप में बड़ी तैयार किया जाता है। इन दिनो गांव-गांव घरों में बड़ी बनाने का कार्य चल रहा है। ग्रामीण महिलाएं बिमला सिन्हा, सकुन्तला पटेल ने बताया की बड़ी एक ऐसा सब्जी है जिसे साल भर सुरक्षित कर रखा जाता है और इसे जब सब्जी का उत्पादन कम होता है तो इसका उपयोग करते है गर्भवती महिलाओं के लिए इसे लाभकारी माना जाता है।

### श्रीराम मंदिर के प्रथम स्थापना वर्षगांठ पर प्रवचन, भजन आज

**अभनपुर।** श्री राधेकृष्ण सेवा समिति के तत्वाधान एवं ग्रामवासियो के सहयोग से ग्राम पी जामगांव स्थित भगवान श्रीराम मंदिर के प्रथम स्थापना वर्षगांठ के अवसर पर प्रवचन, भजन, रामायण स्तुति, जस झांकी, भंडारा प्रसादी व अन्य कार्यक्रम का आयोजन 11 जनवरी को रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप इन्द्रकुमार साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।


## 1459 क्विंटल धान की गड़बड़ी

# धान खरीदी केंद्र में शार्टेज का खेल, 2302 बारदाने कम मिले, वजन भी कम पाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में प्रशासन के निर्देश पर धान खरीदी केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसके तहत अभनपुर के सुंदरकेरा धान खरीदी केंद्र का भी भौतिक सत्यापन किया गया, जिससे यहां आबंटित किए गए बारदाना में शॉर्टेज के साथ धान खरीदी में गड़बड़ी पाई गई। जांच में उपार्जन समिति के ऑनलाइन सिस्टम में नया और पुराना मिलाकर बारदाने की संख्या 29626 दिखा रहा था, जबकि मौके पर 27324 बारदाने पाए गए।

इस तरह 2302 बारदाना शार्टेज मिले। ये बारदाने समिति ने कहां कर दिए, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इसके साथ ही समिति में मिले बारदानों के वजन में भी अंतर पाया गया, जिससे प्रति बोरी औसतन एक किलो धान का अंतर है। इस तरह समिति द्वारा किसानों से खरीदे गए धान में करीब 1459 क्विंटल की गड़बड़ी की गई है। विभाग ने इस मामले में समिति प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब के साथ अपर कलेक्टर के न्यायालय में पेश होने के निर्देश दिए हैं। विभागीय अधिकारी का कहना है कि तय समय में न्यायालय में जवाब के साथ पेश नहीं होने की स्थिति में समिति को निलंबन कर प्रबंधक के विरुद्ध एफआईआर कराई जाएगी। कलेक्टर गौरव सिंह ने जिले के सभी 139 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का भौतिक सत्यापन करने के लिए विशेष टीमों का गठन किया है। इस टीम में खाद्य विभाग के साथ अन्य दूसरे विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है। ये टीमें अलग-अलग दिनों में अलग-अलग ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत आने वाले उपार्जन केंद्रों में जाकर धान खरीदी का भौतिक सत्यापन कर रही हैं। इस निर्देश के तहत 6 जनवरी को खाद्य निरीक्षक श्रद्धा चौहान के नेतृत्व में टीम ने सुंदरकेरा अभनपुर उपार्जन केंद्र का निरीक्षण करते हुए धान खरीदी का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उपार्जन केंद्र में 30 किसानों का धान क्रय के लिए टोकन जारी किया गया था। धान खरीदी केंद्र के स्टेक में रखे बोरों में से रेंडम आधार पर वजन कराया गया, जिसमें बोरों का औसत वजन 39.61 किलोग्राम प्रति बोरा दर्ज किया गया। जूट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार धान खरीदी किए जा रहे धान के बोरे का वजन 580 किलोग्राम दर्ज है, जबकि किसानों से खरीदे गए प्रति बोरे का वजन 40.580 किलोग्राम दर्ज किया गया। इस तरह प्रति बोरे में 1 किलो धान के अंतर का अनुमान लगाया गया है। इस तरह समिति ने किसानों से उस समय तक कुल 145920 बोरों में 58368 क्विंटल धान की खरीदी कर चुकी थी। इस तरह जांच में स्पष्ट है कि 1459 क्विंटल धान की अफरा-तफरी की गई है।



### इस तरह की अव्यवस्था भी मिली

उपार्जन केंद्र में जमीन पर बनाये गये स्टेक में डेनेज की व्यवस्था नहीं की गई थी। इसके अलावा किसी भी स्टेक में धान का प्रकार का नाम एवं मात्रा का प्रदर्शन नहीं किया गया था, साथ ही तिथि व ग्राम वार धान खरीदी की जानकारी का भी प्रदर्शन नहीं किया गया था। इससे माना गया कि समिति द्वारा धान खरीदी में रुचि नहीं ली जा रही थी।

### ऑनलाइन में 2913.69 क्विंटल धान का अंतर मिला

जांच में किसानों से खरीदे गए धान में भी भारी अंतर पाया गया। ऑनलाइन जानकारी के अनुसार 23601.20 क्विंटल शेष होना दर्ज है, लेकिन भौतिक सत्यापन में 15 स्टेक में कुल 55294 बोरा वजन 20697.51 क्विंटल पाया गया। इस प्रकार समिति में धान की मात्रा में 2913.69 क्विंटल धान का अंतर पाया गया।

### अपर कलेक्टर न्यायालय को सौंपा प्रकरण

विभाग ने जांच की रिपोर्ट तैयार करते हुए इस संबंध में समिति के प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के जरिए छत्तीसगढ़ धान उपार्जन नीति 2024-25 के प्रावधानों का उल्लंघन मानते हुए समिति से पूछा गया है कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, 5 के तहत आखिर उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। विभाग ने इस प्रकरण को अपर कलेक्टर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया है। इस तरह अब समिति को न्यायालय में ठोस कारण के साथ जवाब प्रस्तुत करना होगा।

### जवाब संतोषजनक नहीं होने पर करेंगे कार्रवाई

कलेक्टर के निर्देश पर सभी उपार्जन केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। इसके तहत सुंदरकेरा उपार्जन केंद्र में गड़बड़ी मिली है, जिसे नोटिस जारी कर कोर्ट में जवाब के साथ पेश होने कहा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर समिति को निलंबित किया जाएगा।

- कीर्तिमान सिंह राठौर
अपर कलेक्टर, रायपुर खाद्य विभाग (प्रभार)

# जिला अस्पताल में बाबू नशे में डॉक्टरों से की बदसलूकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला अस्पताल में कार्यरत बाबू अजय दुबे का शराब के नशे में डॉक्टरों और सिविल सर्जन के साथ बदतमीजी करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण (एमएलसी) कराया, जिसमें उसके नशे में होने की पुष्टि हुई। सूत्रों के मुताबिक, अजय दुबे पर पहले भी कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। इनमें छात्रों के सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर पैसे मांगना और शराब पीकर ड्यूटी पर आने जैसी शिकायतें शामिल हैं। अस्पताल कर्मियों ने इन शिकायतों को लेकर कई बार अधिकारियों को अवगत कराया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी।

**वीडियो वायरल होने के बाद मामला गर्माया-** वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल स्टाफ ने वरिष्ठ अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्टाफ का कहना है कि सरकारी सेवा में इस तरह की हरकतें अस्पताल की गरिमा और कर्मचारियों की सुरक्षा को खतरा पहुंचाती हैं। अस्पताल प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। डॉक्टरों और स्टाफ ने साफ कहा है कि ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। स्टाफ की सुरक्षा और अस्पताल की छवि बनाए रखने के लिए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने सरकारी सेवा में अनुशासनहीनता के बढ़ते मामलों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अस्पताल प्रशासन पर

### संविधान गौरव दिवस अभियान में आज से होंगे भाजपा के कार्यक्रम

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा संगठन संविधान गौरव अभियान में 11 से 25 जनवरी तक लगातार कई कार्यक्रम करेगा। इसको लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परसिर में गुरुवार को बैठक हुई। संभाग स्तर पर जिम्मेदारी भी तय की गई है। जहां प्रदेश संयोजक नारायण सिंह चंदेल बिलासपुर संभाग, विधायक गुरु खुशवंत साहेब को दुर्ग संभाग, विधायक नीलकंठ टेकाम को बस्तर संभाग, डॉ. नवीन मारकंडे को सरगुजा संभाग और डॉ. किरण बघेल को रायपुर संभाग का कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है।

# सरकारी कर्मी बाइक पर हेलमेट और कार में सीट बेल्ट का उपयोग करें : सीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- रायपुर में सबसे अधिक दुर्घटनाएं व मरने वाले
- हर साल बढ़ रही है सड़क दुर्घटनाएं

छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या और इससे होने वाले नुकसान पर राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने गंभीर चिंता जताई है। श्री जैन ने इस संबंध में सभी शासकीय कर्मियों के लिए निर्देश जारी किया है कि वे जब बाइक चलाएं, तो हेलमेट का उपयोग करें और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं। खास बात ये है कि राजधानी रायपुर में राज्य में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं 2024 के पहले दस महीनों में दर्ज की गई हैं। मरने वालों और घायलों की संख्या भी सबसे अधिक रायपुर में रही है।

सीएस ने निर्देश में कही ये बात

छत्तीसगढ़ प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि चिंताजनक है। इन सड़क दुर्घटनाओं में शासकीय कर्मियों की मृत्यु तथा गंभीर रूप से घायल होने की दुखद घटनाएं प्रकाश में आई है। मोटरयान (संशोधन) अधिनियम 2019 में वाहन चालन के समय नियमानुसार सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट के उपयोग के प्रावधान के आलोक में समस्त वाहन चालकों द्वारा धारण किया जाना अपरिहार्य है।

शासकीय सेवकों द्वारा स्वयं, परिवारजन एवं जनसामान्य की सुरक्षा के साथ-साथ नियमों के अनुपालन की प्रतिबद्धता का आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। अतएव छत्तीसगढ़ प्रदेश में कार्यरत समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा वाहन चालन के समय अनिवार्यतः सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट का उपयोग सुनिश्चित किया जावे। इस निर्देश को आपके सभी साथी शासकीय कर्मियों तक पहुंचाने की व्यवस्था करने का निर्देश भी मुख्य सचिव ने दिया है।

### दस महीनों में हजारों रोड एक्सीडेंट

छत्तीसगढ़ में जनवरी 2024 से लेकर अक्टूबर के दस महीनों के बीच सड़क दुर्घटनाओं के 12 हजार 309 मामले दर्ज किए गए हैं। इन हादसों में मरने वालों की संख्या 5 हजार 493 रही है। इन दुर्घटनाओं में घायलों की संख्या 10 हजार 485 रही है। खास बात ये है कि राजधानी रायपुर में सबसे अधिक हादसे, हादसों में जान गंवाने वालों और घायलों की संख्या पूरे राज्य में सबसे अधिक है। पिछले वर्षों की तुलना में लगातार ये आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं।

# शहर में युद्ध स्तर पर चल रहा सफाई कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

कड़ाके की ठंड के बावजूद युद्धस्तर पर नवापारा शहर में सड़को एवं नालियो की साफ-सफाई चल रही है। जगह-जगह से कचरे उठाए जा रहे है। रोड डिवाइडर में लगे पेड़-पौधो में निरंतर पानी डाला जा रहा है। एक तरह से हरियाली नजर आ रही है। बताना उचित होगा कि साफ-सफाई का निरीक्षण करने रोज सुबह से ही सीएमओ प्रदीप मिश्रा, सफाई निरीक्षक, मिशन प्रेरक निरंतर निकल रहे है। मालूम हो कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने की प्रतिज्ञा सीएम एवं डिप्टी सीएम नगरीय प्रशासन मंत्री के निर्देश पर नगर पालिका परिषद् नवापारा द्वारा युद्ध स्तर पर सफाई कार्य लगातार जारी है। कड़ाके के ठंड के बावजूद नगर पालिका कर्मचारी सूर्योदय के पहले सफाई कार्य में जुट जाते है, सुबह से नगर की सड़कों, मुख्य मार्गो की सफाई, तथा शहर के सभी वार्डो की नालियों की सफाई एवं नालियों से निकले कचरों की सफाई, शहर के सभी सड़कों एवं सड़क डिवाइडर की सफाई कार्य, सड़क किनारे एवं वार्डो में जीवीपी प्वाइंट की सफाई कार्य, पार्क एवं उद्यानों की सफाई में कर्मचारी कर्मठता के साथ जुटे हुए हैं जिसकी निरीक्षण सीएमओ प्रदीप मिश्रा लगातार कर रहे है। परिणाम स्वरूप नगर अब स्वच्छ और सुंदर दिख रहा है।



# राजिम सामान्य अनारक्षित, नपां का दरवाजा सबके लिए खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

जिले का सबसे बड़ा शहर राजिम नगर पंचायत इस बार सामान्य अनारक्षित है लिहाजा सभी वर्गो के लिए नगर पंचायत का दरवाजा खुला हुआ है। सामान्य वर्ग से लेकर हर किसी के चेहरे पर मुस्कान है। दावेदारों की यदि बात करे तो दोनों ही पार्टी कांग्रेस और भाजपा में लंबी कतार है। भाजपा यहां अति उत्साह में है तो वहीं कांग्रेस का उत्साह भी कोई कम नहीं है। दोनों दलों के चुनिंदा नेता मैदान में टकराने को बेकरार नजर आ रहे है। कांग्रेस का सारा दारोमदार पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल के ऊपर निर्भर करेगा। वे जिसे चाहेंगे उसे ही टिकट मिलने की गारंटी होगी। कांग्रेस में उनका इस क्षेत्र में एकछत्र राज है। अब देखने वाली बात ये होगी कि वे भरोसा किसके ऊपर करते है? दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की पैनी निगाह इस चुनाव को लेकर बनी हुई है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बनने के लिए लाईन में कितनो ही नेता कतार लगाकर खड़े हुए है। टिकट इस बार बहुत ही सोच समझकर दी जाएगी। विनिंग कैंडिडेट कौन हो सकता है ? इस पर पार्टी बहुत गंभीरता के साथ विचार कर रही है। पार्टी का जिलाध्यक्ष बदल गया और मंडल अध्यक्ष भी। राजिम में देखा जाए तो नेताओं की कमी नही है। छोटे, बड़े और मंझोले सभी तरह के नेता यहां है पर अधिकतर लोग अध्यक्ष चुनाव लड़ने को लालायित है। पार्टी का क्या दिशा-निर्देश आता है? यह समय बताएगा। बहरहाल चुनाव की तारीख की घोषणा अभी नही हुई है। परंतु जितने भी दावेदार है वे गणेश जी की तरह परिक्रमा करने लगे है। विधायक रोहित साहू से लेकर भाजपा के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष के यहां हाजिरी लगाना शुरू हो गया है।




### चुनाव तारीख का बेसब्री से इंतजार

चुनाव की तारीख जैसे ही आएगी वैसे ही माहोल गर्माने लगेगा। चुनाव से संबंधित व्यवसायी मसलन फ्लैक्स, प्रिंटिंग एवं वॉल पेंटिंग करने वाले तैयार हो गए है। ऐसे लोग मशीनों को अपडेट कर लिए है। प्रिंटिंग के फ्लैक्स एवं पेपर का ऑर्डर भी देना शुरू कर दिए है। व्यवसायियों को चुनाव तारीख का बेसब्री से इंतजार है। लाऊडस्पीकर पोंगा वाले भी अपने आपको चुस्त-दुरूस्त कर लिए है। चुनाव में झंडा उठाकर रैलियो के शक्ल में रोजी में जाने वाली महिलाएं भी अपना अलग गुट बना रही है। कुल मिलाकर प्रत्याशी से लेकर सारे लोगों को तारीख का इंतजार है।

## बिजनेस साइट

### 9 साल से सर्वाधिक पेट्रोल बेचने का रिकॉर्ड, कंपनी ने किया सम्मानित




**छुरा।** नगर के पवन फ्यूल को लगातार 9 साल से सर्वाधिक पेट्रोल बेचने का रिकॉर्ड है और उन्हें इंडियन ऑयल कंपनी द्वारा लगातार 9 सालों से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान इंडियन आयल धमतरी सेल एरिया जिसके अंतर्गत धमतरी, कुरूद, गरियाबंद, कांकेर, देवभोग के 57 पेट्रोल पंप आते हैं उनमें से 2016 से लगातार अब तक पवन फ्यूल को सम्मान दिया जा रहा है। पवन फ्यूल के संचालक पवन सिंहा ने कहा कि यह सब ग्राहकों के विश्वास, सहयोग से संभव हो पाया है, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि उनके साथ उनकी टीम भी लगातार ग्राहकों के सन्तुष्टि के लिए कार्य करती है ताकि किसी भी ग्राहक को किसी प्रकार की शिकायत ना हो, उन्होंने बताया कि 2016 से जब से पेट्रोल पंप प्रारंभ किया गया है तब से यह सम्मान आज तक मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनके लिए ग्राहक प्राथमिकता है साथ ही साथ शासन के निर्देश के अनुसार 24 घंटे हवा, पानी एवं शौचालय की ही भी व्यवस्था चलती है साथ ही साथ उनके द्वारा राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण के साथ लोगों को मिठाई वितरण, गर्मी में ठंडा पानी एवं सर्दी में गर्म कपड़ा सहित अन्य सुविधाएं भी ग्राहकों को लगातार की प्रदान किया जाता है, इसलिए सिर्फ जिले ही नहीं पूरे क्षेत्र में पवन फ्यूल को यह सम्मान मिलने पर लोगों ने उन्हें बधाई दी हैं।


### // सूचना //

मैं शरद चतुर्वेदी, पिता श्री राधेश्याम चतुर्वेदी निवासी गरियाबंद (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम- बासीन, तहसील राजिम, जिला- गरियाबंद (छ.ग.), के खसरा क्रमांक 1330, 1331, 1332, 1333, 1334, 1335, 1336 रकबा 0.91 हेक्टेयर पर फर्शीपत्थर उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तर पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ से File No.: OL/TOR/MIN/GARIYABAND/2231 दिनांक 05/08/2024 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

शरद चतुर्वेदी
जिला - गरियाबंद (छ.ग

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### सहकारी समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष सीता राम ने ली शपथ

**मुड़ागांव(कोरासी)।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रानीपरतेवा के अंतर्गत नवनियुक्त अध्यक्ष सीता राम दीवान का शपथ ग्रहण समारो का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में पीलूराम यादव पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष छुरा एवं सीताराम दीवान रानी परहेका, अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि हिरागिरी गोस्वामी, साधुराम ग्राम पटेल, मोहनलाल ठाकुर द्वारतरा, ताराचंद साहू बम्हनी, अवधराम साहू, भुनेश साहू, करकरा कर्मचारी, कुलेश्वर साहनी समिति प्रबंधक, ईश्वर लाल यादव लि. सहायक ईश्वर मरकाम, भृत्य, तामसिंह शादडिल्य, रवि साहू, आपरेटर त्रिलोक दीवान, हेमंत दीवान, गिरधारी, छोटु, गिरी गोस्वामी, परसुराम निषाद, बलदाऊ दीवान कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी में रंजन को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**मैनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 57 वां प्रांत अधिवेशन प्रदेश के संस्कारधानी राजनांदगांव में संपन्न हुआ। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अभाविप ने रंजन यादव को जिला संयोजक के सफल कार्यकाल के बाद प्रदेश स्तर पर दायित्व सौंपा। जिससे पूरे गरियाबंद के छात्रों में हर्ष का महोल है। रंजन पिछले 4 वर्षों से अभाविप से जुड़कर छात्रहित में कार्यकर रहे हैं। जिले में हर्ष का माहोल हैं जिससे पूर्व जिला संयोजक प्रशांत मानिकपुरी, राजेश साहु, भोले शंकर, वंश गोपाल, गौरीशंकर कश्यप, दीपक सिन्हा, भूपेंद्र सिन्हा, जिला संयोजक क्षितिज, विवेकानंद, सूर्यश, कुणाल,राहुल, लिकेश, शुभम,मुकेश, यशवंत, मोहन, कृष्णकांत, तेजस बीसी, पिंटू जगत, मनीष, शिवा, रेहान, पुकेश, हिमेश निधी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी।



### जवाहर शर्मा बने विश्व मानव कल्याण संघ के जिलाअध्यक्ष

**पाण्डुका।** विश्व मानव कल्याण संघ में जवाहर शर्मा को जिला अध्यक्ष बनाए बनाया गया है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक पंडित शिवराम मिश्रा एवं राष्ट्रीय महासचिव युवा मोर्चा प्रदीप कुमार दुबे ने शुभकामनायें दी।



### मोंगरा में गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण 12 से

**कुरुद।** शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार आध्यात्मिक जागरण एवं शांति के बीजारोपण के लिए ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मोंगरा में 12 से 15 जनवरी तक 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण आयोजित होगा। कार्यक्रम के अंतिम दिवस विभिन्न संस्कार कराए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य आचार्य परमानंद फिंगेश्वर होंगे। तैयारी में गौतम ऋषि प्रज्ञा मंडल के सदस्य जुटे हैं।

**बैठक :** नीति आयोग के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत हुई बैठक

# स्वास्थ्य, शिक्षा, सुपोषण एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में करें काम : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत चयनित गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखण्ड में हितग्राहीमूलक एवं विकास कार्यो के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने नीति आयोग द्वारा जारी किये जाने वाले डेल्टा रैकिंग में जिले के बेहतर स्थान के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, सुपोषण, कृषि, पेयजल एवं सामाजिक विकास आदि क्षेत्रों में बेहतर काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित किये गये मानकों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन कर हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। जिससे योजनाओं का सेचुरेशन की पूर्णता होगी। साथ ही लोगों को विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल पायेगा। नीति आयोग द्वारा विभिन्न मानकों के तहत देश के 500 ब्लॉकों की रैंकिंग की जाती है। इसमें मैनपुर ब्लॉक में दिए गए मानक अनुसार योजनाओं का सेचुरेशन किया जा चुका है। कलेक्टर ने गरियाबंद ब्लॉक में भी सभी क्षेत्रों में बेहतर काम करके देश के आकांक्षी ब्लॉक रैंकिंग में नाम शामिल करवाने के लिए बेहतर प्रयास करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में जनपद पंचायत सीईओ, कृषि, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशु पालन विभाग, लीड बैंक, एनआरएलएम एवं शिक्षा विभाग के अधिकारीगण सहित नीति आयोग के समन्वयक मौजूद रहे।




### बेहतर कार्य करने के दिए निर्देश

उल्लेखनीय है कि नीति आयोग ने सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने सुशासन में सहायता करने के उद्देश्य से नीति आयोग की पहल राज्य सहायता मिशन ने राज्य के लिए नीति नामक एक मंच शुरू किया है। जो सुशासन और नीतिगत पहलों को साझा करने के लिए एक मंच हैं। नीति आयोग अभिसरण, सहयोग एवं प्रतिस्पर्धा तीन व्यापक ढांचों में निर्भर करती है। 12 मंत्रालयों के अंतर्गत 40 संकेतकों की पहचान कर विभिन्न योजनाओं के सेचुरेशन का कार्य किया जाता है। इसका उद्देश्य पिछड़े ब्लॉकों में विकास का मापदंड निर्धारित कर लोगों को विभिन्न सुविधाओं से लाभान्वित करना है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानकों की पूर्ति के लिए आंगनबाड़ी के माध्यम से सुपोषण अभियान में सहभागिता, शिक्षा विभाग द्वारा ड्रापआउट स्कूली बच्चों की संख्या में कमी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा संस्थागत प्रसव, कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि एवं पीएचई विभाग द्वारा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही सामाजिक विकास एवं बुनियादी ढांचे के तहत विभिन्न संकेतकों में बेहतर कार्य करने के निर्देश दिये।

## मैनपुर में बनेगी महिला जनपद अध्यक्ष सरकार बनाने जोड़-तोड़ की राजनीति शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है गांव में अभी से चुनाव का माहौल जमने लगा है। गांव की सरकार बनाने को लेकर जोड़ तोड़ की राजनीति शुरू हो गई है। दो दिनों के भीतर जिला पंचायत, जनपद पंचायत और सरपंच और पंच के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण हो चूकि है जनपद पंचायत मैनपुर में फिर एक बार अजजा वर्ग से महिला जनपद अध्यक्ष की चुना जाना है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत मैनपुर का आरक्षण क्षेत्र क्रमांक 01 अनुसूचित जनजाति महिला, क्षेत्र क्रमांक 02 अनुसूचित जनजाति मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 03 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 04 अनुसूचित जनजाति मुक्त क्षेत्र क्रमांक 05 अनुसूचित जनजाति महिला ,क्षेत्र क्रमांक 06 अनुसूचित जनजाति मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 07 अनुसूचित जनजाति महिला, क्षेत्र क्रमांक 08 अनुसूचित जनजाति महिला,क्षेत्र क्रमांक 09 अनुसूचित जनजाति मुक्त,क्षेत्र क्रमांक 10 अनुसूचित जनजाति मुक्त,क्षेत्र क्रमांक 11 अनारक्षित मुक्त,क्षेत्र क्रमांक 12 अनारक्षित मुक्त ,क्षेत्र क्रमांक 13 अनुसूचित जनजाति मुक्त,क्षेत्र क्रमांक 14 अनारक्षित मुक्त ,क्षेत्र क्रमांक 15 अनारक्षित महिला ,क्षेत्र क्रमांक 16 अनारक्षित महिला ,क्षेत्र क्रमांक 17 अनुसूचित जाति मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 18 अ ना र क्षि त महिला,क्षेत्र, क्रमांक 19 अनारक्षित महिला, क्षेत्र क्रमांक 20 अनुसूचित जाति महिला,क्षेत्र क्रमांक 21 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 22 अनुसूचित जनजाति महिला, क्षेत्र क्रमांक 23 अनारक्षित मुक्त, क्षेत्र क्रमांक 24 अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है।





त्रीस्तरीय पंचायत चुनाव के आरक्षण के प”चात गांव में चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है,गली मुहल्ले चौक चौराहो में सिर्फ चुनाव को लेकर चर्चा करते देखा जा सकता है और अभी से दावेदारो का नाम सामने आने लगा है कई दावेदार मैदान में आकर ताल ठोकने लगे है और गांव में पंचायत चुनाव को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है।

## सुरेश रात्रे सहित 12 लोगों ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

भाजपा की राष्ट्र, प्रदेश हित एवं कल्याणकारी योजनाओं की नीतियों से प्रभावित होकर काग्रेस कार्यकर्ता सुरेश रात्रे बेलर सहित बड़ी संख्या में लोग राजिम विधायक रोहित साहू के समक्ष उनके निवास में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर की अनुशंसा से भाजपा में भाजपा में शामिल हुए। जिसमें प्रमुख सुरेश रात्रे, शानु रात्रे, नरेन्द्र रात्रे, देवलाल घृतलहरे, सोमन रात्रे, आन्नद सोनवानी, श्यामरतन टंडन, टकेश रात्रे, परमेश्वर साहू, बेलर इत्यादि भाजपा मे शुक्रवार को शामिल हुए।

भाजपा मे शामिल सभी कार्यकर्ता का भगवा दुपट्टा से विधायक नेस्वागत किया। इससे पहले, सुरेश रात्रे के स्वर्गीय पिता पुनीत रात्रे जीवन पर्यंत काग्रेंस मे सक्रीय थे। वर्तमान में बेलर पंचायत एस सी महिला के लिए आरक्षित है। सुरेश रात्रे की शानु की सरपंच के लिए प्रबल दावेदारी मानी जा रही है। सुरेश ने कहा की विधायक की आम लोगों की, समस्या को सुनना और प्रयास करना तथा क्षेत्र में लगातार जनसम्पर्क कर विकास को गति दे रहे हैं मैं उनसे प्रभावित हूं। कहा मैं सबको विश्वास दिलाता हूं भाजपा की विचारधारा के अनुरूप काम करेंगे। पार्टी जो आदेश देगी वो कार्य करेंगे। विधायक रोहित साहू ने कहा कि भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर आज सुरेश रात्रे बेलर संग बडी संख्या में शामिल हुए सभी साथियों का मैं स्वागत करता हूं। शामिल कार्यकर्ता से कहा की भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, भाजपा में पार्टी में लोकतंत्र है। कार्यकर्ता अपनी योग्यता के अनुसार बड़े-बड़े पदों पर जाते है। बगिया का एक छोटा सा कार्यकर्ता आज राजिम के विधायक पद पर है तो यह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।



## कृषि कॉलेज के छात्रों को दिया गया राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली ऐप का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत फिंगेश्वर मे स्थित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, गरियाबंद के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थीयों हेतु‘‘राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली(एनपीएसएस) ऐप जागरूकता एवं समन्वित कीट प्रबंधन (आईपीएम) पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह व्याख्यान का आयोजन भारत सरकार के अंतर्गत केद्रिरय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र सीआईपीएमसी रायपुर एवं कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र गरियाबंद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता,डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम में केंद्रिय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र सीआईपीएसी रायपुर के उप-निदेशक, नीरज कुमार सिंह की ओर से फसलों में लगने वाले कीट व्याधियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। विभिन्न समन्वित कीट प्रबंधन विधियों द्वारा कीट व्याधि प्रबंधन, विभिन्न प्रपंच की कृषि में उपयोगिता तथा कीट व्याधि निगरानी के बारे में विस्तार से प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को बताया गया। इसके साथ ही मित्र कीटों की पहचान एवं कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी दी गई।

केंद्रिय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र रायपुर की पौध संरक्षण अधिकारी डॉ. रीता सांगरिया द्वारा राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली ऐप के महत्व पर चर्चा की गई एवं विद्यार्थियों को एनपीएसएस ऐप डाउनलोड करवा कर ऐप के प्रयोग के बारे में बताया गया। एनपीएसएस एक राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली है जो कीट पहचान और कीट निगरानी से संबधित जानकारी प्रदान करने में मदद करती है। इसका उपयोग किसान, विद्यार्थी, शोधकर्ता, वैज्ञानिक, विस्तार कार्यकर्ता, एनजीओ,कीट नाशक विक्रेता आदि कर सकते है। कार्यक्रम के संचालक एवं आयोजन सचिव डॉ. सौरभ पद्मशाली, सहायक प्राध्यापक कीट विज्ञान थे। इस कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय गरियाबंद के सभी प्राध्यापक, डॉ. अजीत मन्नाड़े, डॉ. कुन्तल साटकर, डॉ. सुमन रावटे, डॉ. अविनाश गौतम, डॉ. अशोक कोसरिया, डॉ. देवेन्द्र देवांगन, डॉ. लेखराम वर्मा एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## विश्व हिंदी दिवस पर हुई स्लोगन प्रतियोगिता



**गरियाबंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय फुलकर्रा में शुक्रवार को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक गरियाबंद शाखा द्वारा हिंदी स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंचल निषाद कक्षा सातवीं से द्वितीय स्थान पूरब देवांगन कक्षा आठवीं से तृतीय स्थान सुनिधि कंवर एवं दामिनी देवांगन कक्षा सातवीं को छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक गरियाबंद शाखा द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक दीपक टांडेकर, उमेंद्र गुप्ता अधिकारी, प्रेम साहू एफएलसी, युवान लाल सोनेंद्र प्रधान पाठक सहित शिक्षकगण जोहान राम दीवान अनीता मेश्राम, कविता बुझेकर उपस्थित रहे।

## नवीन कॉलेज में मना विश्व हिन्दी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर गरियाबंद में शुक्रवार को विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. बीके प्रसाद के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजन अर्चन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिथि व्याख्याता माधुरी साहू ने विश्व हिन्दी दिवस के महत्व पर सारगर्भित प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्व हिन्दी दिवस की शुरुआत 10 जनवरी 2006 से हुआ है। अब तक 12 विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन हो चुका है जिसमें 3 विश्व हिंदी सम्मेलन भारत में आयोजित हुआ। वैश्विक स्तर पर हिंदी की पहचान बनाने तथा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। विश्व में सार्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी तीसरे स्थान पर है। आईक्यूएसी समन्वयक सनबसरन साहू ने व्यक्तत्वि विकास में मातृभाषा की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मातृभाषा हिन्दी शिक्षा प्राप्ति का सशक्त माध्यम है। हमे अपने मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए व शिक्षा के साथ–साथ संस्कार पर भी ध्यान देना होगा। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. बी. के प्रसाद द्वारा लघु कथा के माध्यम से हिंदी की महत्ता एवं हिन्दी भाषा की गहराइयों को उजागर करते हुए बताया कि हिंदी विश्व में बोली जाने वाली तीसरी वैश्विक भाषा बन गई है। हिंदी के अनेक लेखक व कवियों ने वैश्विक पहचान प्राप्त किए है।






## रेणु ठाकुर बनी पटवारी संघ की अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राजस्व पटवारी संघ का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रेणु ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष झामन यादव, उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू, सचिव इमरान खान, सहसचिव मीरा टण्डन, कोषाध्यक्ष टकेश निषाद, संरक्षक शिवकुमार ध्रुव व रायसिंग ठाकुर, प्रवक्ता रविन्द्र सिन्हा व गाविल ध्रुव, मिडिया प्रभारी विजय सोनी, कार्यकारी सदस्य नेहा सेन, आरती साहू, निराशा सोरी, राजेश माण्डले, मनीष पारकर हैं।

**बंदूक लेकर सिपाही सड़कों पर चलते दिखाई देते थे, दहशत में लोग घरों से नहीं निकलते थे**

# 117 साल पुराना मैनपुर थाना कई रहस्य और वारदातों का है गवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर


मैनपुर में सन् 1908 में अंग्रेज शासन काल के दौरान यहां थाना प्रारंभ किया गया था जो अब 117 साल पुराने हो चुके है इस थाने के कई गौरवशाली और रहस्यमय अनसुनी बातें है जिसके बारे में आज भी क्षेत्र के लोग नहीं जानते। 1908 में जब मैनपुर में थाना प्रारंभ किया गया तो यह महासमुंद तहसील के अंतर्गत आता था और 1943 तक यह धमतरी तहसील के अधीन रहा, उस समय इस थाने के अंतर्गत सोंदुर, नगरी तक लगभग 165 ग्राम बहुत बड़ा क्षेत्रफल में फैला हुआ था। एक तरफ ओड़िसा के नवरंगपुर तो दूसरे तरफ राजा खरियार सीमा से लगा हुआ है। 1993 में गरियाबंद तहसील बनने के बाद उसके अधीन आ गया, अंग्रेज जमाने में जब इस थाना शुरूआत किया गया तो यहां एक अफसर और दो सिपाही हुआ करते थे घासफूस की बनी झोपड़ी में दारोगा और सिपाही निवास करते थे। सिपाही और दारोगा दूर गांव गांव तक घटना दुर्घटना की स्थिति में घोड़ा सायकल और पालकी का उपयोग करते थे। बदलते समय के साथ यहां की भी तस्वीर और तकदीर बदलने लगी और 10 साल पहले मैनपुर में हाईटेक थाना भवन का नवनिर्माण किया जा चुका है। नवीन थाना भवन का लोकार्पण 13 मई 2015 को तत्कालीन छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री रामसेवक पैंकरा द्वारा किया गया है।

### हाईटेक हो चुका थाना मैनपुर



मैनपुर थाना के एसडीओपी बाजीलाल सिंग से चर्चा करने से बताया कि मैनपुर में बताया रिकार्ड के अनुसार सन 1906 तक मैनपुर खुर्द नवागढ़ आउट पोस्ट का आ वर्ग का ग्राम था। नवागढ़ आउट पोस्ट थाना पारागांव गरियाबंद के अन्तर्गत था सन 1902 तक जमीदार छुरा की राजधानी नवागढ़ थी उन्ही के मालखाने में 1906 तक नवागढ़ में एवं मैनपुर में 1908 जून तक क्रमशः नवागढ़ आउट पोस्ट एवं थाना मैनपुर रहा। बदलते समय के साथ अब काफी परिवर्तन आ गया देश आजादी मिलने के बाद लोकतंत्र में थाना मैनपुर अब काफी हाईटेक हो चुका है।

### क्या कहते है क्षेत्र के बुर्जूग





मैनपुर क्षेत्र के वरिष्ठ बुजुर्ग रिटायर्ड शिक्षक सोनसाय ध्रुव 85 वर्षीय ने बताया की पहले जमाने में पुलिस के दरोगा और सिपाही आना जाना करने के लिए घोड़ा का उपयोग करते थे और मैनपुर थाना तथा तौरेंगा में अस्तबल भी बना था जहां घोड़ा बांधा जाता था और लोगो में पुलिस के प्रति डर देखने को मिलता था कोई थाना के तरफ घुमने तक नही जाते थे। हरचंद मैनपुर नगर के 95 वर्षीय बुजूर्ग हरचंद ध्रुव ने बताया मैनपुर में बिजली लगभग 46 साल पहले लगाई गई इससे पहले मैनपुर में चौक - चौराहों पर मसाल जलाया जाता था उन्होने बताया देश जब आजाद हुआ तो इसकी जानकारी रेडियों के माध्याम से मिला था तो लोग खुशी में झुम उठे थे। मैनपुर नगबर के बुजुर्ग थानु पटेल ने बताया कि हमेशा से थाना और पुलिस वाले ग्रामीणों के सहयोग करते रहे है हर धार्मिक तथा सामाजिक कार्यक्रमों में उनका विशेष योगदान रहता था जिसके कारण किसी भी धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रम करने से पहले थाना में नारियल देने की परंपरा आज भी कायम है।

### कंडेल में गांधी जी के आने के बाद मैनपुर में मालथाना का निर्माण

ब्रिटिश हुकूमत के समय मैनपुर में बंदियों को यातना देने के लिए माल थाना का निर्माण किया गया था। यह भवन काफी मजबूती के साथ मैनपुर नगर में खड़ा था लेकिन 15 वर्ष पहले पशु चिकित्सालय नया भवन निर्माण के लिए इस मालथाना को जमीनदोज कर दिया गया। बगल में मालकुआं अब भी मौजूद है। मालथाना में बंदिया को रखने के लिए एक विशेष प्रकार के कारागार का निर्माण किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार 1920 में जब महात्मा गांधी धमतरी जिले के कंडेल पहुंचे थे उस समय मैनपुर धमतरी तहसील के अंतर्गत आता था कडेल में गांधी जी के आने के बाद स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ी संख्या में लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने लगे थे जिसके कारण ब्रिटिश हुकूमत द्वारा मैनपुर में मालथाना का निर्माण किया गया था ताकि लोगों में दहशत हो।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
11 मई से 24 मई 2025, 14 मई से 27 मई 2025,
19 मई से 01 जून 2025, 22 मई से 04 जून 2025,
25 मई से 07 जून 2025, 30 मई से 12 जून 2025,
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411